**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# देवभूमि उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है: सीएम

**विमोचन**

## सीएम धामी ने सुश्री आराधना जौहरी की उत्तराखण्ड के मंदिरों पर लिखी गई पुस्तक का किया विमोचन

**संवाददाता**



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुश्री आराधना जौहरी (से. नि. आईएएस) द्वारा उत्तराखण्ड के मंदिरों पर लिखी गई पुस्तक BEYOND THE MISTY VEIL, Temple Tales OF Uttarakhand का विमोचन किया। कार्यक्रम का आयोजन सीएम कैम्प कार्यालय देहरादून स्थित मुख्य सेवक सदन में किया गया।

मुख्यमंत्री ने पुस्तक की लेखिका सुश्री आराधना जौहरी को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक देश–विदेश में उत्तराखंड के दिव्य मंदिरों के एक प्रामाणिक परिचय के रूप में जानी जाएगी। इस पुस्तक से लोगों को बेहतरीन जानकारी मिलेगी। पुस्तक की सामग्री से जाहिर होता है कि लेखिका ने इसमें कितनी मेहनत की है। देवभूमि उत्तराखण्ड के पौराणिक मंदिरों पर आधारित पुस्तक हमें अपनी संस्कृति और माइथोलॉजी के बारे में अवगत कराती है। लेखिका सुश्री आराधना जौहरी जी ने अपने सेवाकाल में बतौर नैनीताल डीएम बहुत से विशिष्ट कार्य किये। अब पुस्तक लेखन द्वारा योगदान दे रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पुस्तक से उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। लोगों को अनगिनत मंदिरों और उनसे जुड़ी लोक गाथाओं के बारे में पता चलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा की सरकार विभिन्न क्षेत्रों में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु मानसखंड कॉरिडोर पर कार्य कर रही है। प्रयास है कि विभिन्न धार्मिक सर्किटों का विकास किया जा सके। चारधाम के अलावा भी धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा इसके तहत हम राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में आने वाले मुख्य मंदिरों को आपस में जोड़ेंगे एवं सर्किट के रूप में विकसित करके धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें अपने जीवन में विशिष्ट कार्य कर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए, जिससे हम समाज में अपनी अलग पहचान बना सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें देवभूमि उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाना है। इसके लिये सभी विभागों को रोडमैप तैयार करने को कहा गया है। सभी को मिलकर अपना योगदान करना है।

पुस्तक की लेखिका सुश्री आराधना जौहरी ने कहा की देवभूमि उत्तराखंड में उन्होंने शिक्षा प्रारंभ की। उनके पिताजी नैनीताल के डीएम रहे।फिर 30 साल बाद वे स्वयं यहाँ की डीएम रहीं। देवभूमि को सेवाएं देना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा नैनीताल में पोस्टिंग के दौरान देवभूमि की संस्कृति यहां के मंदिरों लोक देवताओं को करीब से जानने का मौका मिला।

## न्यूज डायरी

### जल संस्थान संविदा श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

**संवाददाता** बागेश्वर। चार महीने का वेतन और डेढ़ वर्ष का महंगाई भत्ता नहीं मिलने पर जल संस्थान के संविदा श्रमिकों में आक्रोश है। नाराज कर्मचारियों ने जल संस्थान कार्यालय पर धरना दे विभाग और ठेकेदार पर उपेक्षा का आरोप लगाया। शीघ्र मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। मंगलवार को कर्मचारी जल संस्थान कार्यालय पहुंचे, जहां जोरदार नारेबाजी के साथ उन्होंने प्रदर्शन किया। कहा कि उन्हें चार महीने से वेतन नहीं मिला है। अप्रैल 2021 से आज तक का महंगाई भत्ता भी नहीं मिल सका है। महंगाई के इस दौर में उनको मिलने वाला मानदेय ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है। सात से आठ हजार रुपये में वे किसी तरह परिवार पाल रहे हैं, लेकिन वह भी समय पर नहीं मिल रहा है। जुलाई से नया शिक्षा सत्र शुरू हो गया है। बच्चों की फीस व ड्रेस की समस्या खड़ी हो गई है। उन्होंने शीघ्र समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

### संस्थागत प्रसव बढ़ाएगा स्वास्थ्य महकमा

**संवाददाता** बागेश्वर। जिलाधिकारी रीना जोशी ने गभर्वती महिलाओं का पंजीकरण और संस्थागत प्रसव कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बच्चों का शतप्रतिशत टीकाकरण भी सुनिश्चित करने को कहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की बैठक में डीएम ने कहा कि योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और नागरिकों को उचित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं देना है। उन्होंने शतप्रतिशत गर्भवती का संस्थागत प्रसव बढ़ाने के निर्देश दिए। गांवों की महिलाओं को भी प्रसव के लिए अस्पताल लाया जाएगा। स्वास्थ्य कर्मी गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण करेंगे। प्रसवकाल तक नियमित जांच भी कराएंगे। आयरन, कैल्शियम, टीडी डोज भी देंगी।

### ल्यूमिनस भारत की छिपी प्रतिभा को करता है एक मंच प्रदान

**संवाददाता** देहरादून। भारत में एनर्जी सॉल्यूशंस में इनोवेशन लीडर, ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज ने आज अपनी प्रतिष्ठित गायन प्रतियोगिता – सुपर सिंगर 3 के समापन की घोषणा की। प्रसिद्ध गायक और पद्म श्री पुरस्कार विजेता, हरिहरन ने शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतियोगियों को जज किया और प्रसिद्ध टेलीविजन होस्ट और भारतीय गायक, मेयांग चांग द्वारा आयोजित एक लाइव गाला संगीत कार्यक्रम में विजेताओं की घोषणा की। लगभग 2 वर्षों के बाद भौतिक रूप से मनाया जा रहा यह कार्यक्रम कंपनी के विशाल डीलर नेटवर्क को मनाने के लिए आयोजित किया जाता है। इस बड़े पैमाने की प्रतियोगिता के साथ, ल्यूमिनस का लक्ष्य एक ऐसा मंच तैयार करना है जो न केवल भारत की छिपी प्रतिभा को अवसर प्रदान करे।

# जल संस्थान के पार्ट टाइम चौकीदार भड़के

**संवाददाता** अल्मोड़ा। लंबित समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जल संस्थान में कार्यरत पार्ट टाइम चौकीदार (पीटीसी) भड़क उठे हैं। उन्होंने अपनी लंबित मांगों को लेकर यहां गांधी पार्क में धरना–प्रदर्शन किया। कहा कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन तेज करेंगे। कहा कि वे हितों की अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसके लिए चाहे उन्हें कितना ही संघर्ष क्यों नहीं करना पड़े।

मंगलवार को उन्होंने जल संस्थान पीटीसी मजदूर यूनियन के बैनर तले धरना दिया। इस दौरान कहा कि एक ओर जहां महंगाई आसमान छू रही है, वहीं पार्ट टाइम चौकीदारों को पूरे मनोयोग के साथ कार्य करने के बाद भी समय पर मानदेय नहीं मिल रहा है। वहीं, सालों बाद नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य करने के बाद अब तक नियमित भी नहीं किया गया है। इससे वे अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार पीटीसी मजदूरों की वर्षो से चली आ रही मांगों पर अमल न कर नित नई योजनाओं के नाम पर उनका उत्पीड़न कर रही है। सभी से एकजुटता के साथ संघर्ष करने का आह्ध्वान किया गया। सभा की अगुआई किशन सिंह भंडारी व संचालन शंकर लाल ने किया।

मौके पर शिव राज सिंह, जमुना दत्त, शंकर लाल, राजेंद्र सिंह, इंद्र सिंह, गोविंद सिंह, जीवन डांगी, बाला दत्त, दलीप सिंह, उमेश चंद्र, गंगा दत्त, कुंवर सिंह समेत विभिन्न विकास खंडों से पहुंचे पीटीसी मजदूर शामिल रहे।



### हरेला पखवाडें पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ने रोपे पौधे

**संवाददाता** पुरोला। न्यायिक मजिस्ट्रेट पुरोला ने हरेला पखवाड़े पर मंगलवार को श्री गुरूराम राय विधालय परिसर में फल एवं चाराप्रति प्रजाति के पोधे रोपे साथ ही विधालय प्रबंधन समिति व छात्रों से रोपे गए पौधों की सुरक्षा का संकल्प लेने की अपील की। स्कूल कालेजों में मनाए जा रहे हरेला पखवाडें को लेकर श्री गुरू राम राय पब्लिक स्कूल पुरोला में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंगलवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट पुरोला नदीम अहमद के नेतृत्व में उप वन संरक्षक टौंस सुबोध काला तथा विधालय के अध्यापकों, छात्र छात्राओं ने स्कूल परिसर में तीन दर्जन से अधिक फल, छायादार एवं छायापति प्रजाति के पौधों का रोपण किया।

# तहसील दिवस में 15 शिकायतें दर्ज, सभी का मौके पर निस्तारण

**संवाददाता** पुरोला। तहसील दिवस पुरोला में पेयजल, सिंचाई,गैस आपूर्ति,विधुत एवं स्वास्थ्य आदि विभिन्न समस्याओं की कुल15 शिकायतें दर्ज की गई सभी शिकायतों का उपजिलाधिकारी शालिनी नेगी ने विभागीय अधिकारियों व शिकायत कर्ताओं मौजूदगी में मौके पर ही निस्तारण करने के निर्देश दिये।

उपजिलाधिकारी शालिनी नेगी की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में पुजेली गांव निवासी ओमप्रकाश नौडियाल आदि ने कुमोला, कोरना, मखाना, ठकराडी,नोरी व आधा गांव में मोटर मार्ग होने के बाद भी घरेलु गैस सप्लाई की गाड़ी गांव–गांव तक नही भेजी जाती तथा ग्रामीणों को पांच किमी पुरोला

> अधिकाश शिकायतें हर घर जल,हर घर नल तथा पेयजल आपूर्ति की

बाजार गैस गोदाम तक आनें की शिकायत पर एसडीएम नेगी ने गैस प्रबंधक व आपूर्ति निरीक्षक को गांव–गांव तक आपूर्ति करनें के निर्देश दिए।

जल संस्थान की शिकायत में उपला मठ निवासी सुरत सिंह ने घर घर नल–हर घर जल मिशन की नई लाईन से पानी आने की बजाय पूरानी पेयजल लाईन से भी पानी आपूर्ति बंद होने की शिकायत की।

वहीं मोरी सांकरी के ग्रामीणों ने भी सांकरी बाजार में चार दिन से पेयजल आपूर्ति ठप्प होनें की शिकायत की। बलदेव रावत ने खलाड़ी,पुजेली,चपटाडी आदि क्षेत्र में नियमित विधुत आपूर्ति सुचारू करने की मांग की। वहीं गड्डूगाड पट्टी के देवजानी गांव के मोहन सिंह,गंधर्व सिंह,मनमोहन सिंह ने चीड़ के आठ पेड़ों से अपने आवासीय भवनों को खतरा होने की शिकायत की तथा उक्त चीड़ वृक्षों को गिरानें को वन विभाग को निर्देश देने की मांग की।

कोरना गांव निवासी अमीन सिंह नेगी ने गांव के एलोपैथी चिकित्सालय के क्षतिग्रस्त रास्ते के मरम्मत एवं सिंचाई नहर के मरम्मत करनें की मांग की। तहसील दिवस पर दर्ज 15 शिकायतों के निराकरण को लेकर उपजिलाधिकारी शालिनी नेगी ने संबधित विभागाध्यक्ष को तत्काल समाधान करनें के निर्देश दिये।

### राजीव नवोदय के बीमार बच्चे नहीं हैं कोरोना पाजीटिव

**संवाददाता** बागेश्वर। राजीव गांधी नवोदय विद्यालय बहुली के 22 बच्चों का कोविड टेस्ट हो गया। कोई भी बच्चा कोरोना पाजीटिव नहीं है। इसके बाद अभिभावकों और विद्यालय प्रशासन ने राहत की सांस ली है। मंगलवार को डाक्टरों की टीम ने विद्यालय में शिविर लगाया और बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की। डा. एजल पटेल की टीम विद्यालय पहुंची। उन्होंने बीमार पड़े बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। बताया कि बीते दिन जिन 22 बच्चों को पेट में दर्द और बुखार की शिकायत पर कोविड टेस्ट किया गया था, उनमें से कोई भी पाजीटिव नहीं है। विद्यालय परिसर के भीतर सीलन है। मौसम लगातार करवट बदल रहा है। उमसभरी गर्मी और बारिश के बाद ठंड के कारण बच्चे बीमार हो सकते हैं। उन्होंने बच्चों को शीतल पेय और बासी भोजन से परहेज करने की सलाह दी। विद्यालय के शिक्षकों ने भी बच्चों के स्वस्थ होने पर राहत की सांस ली है।